**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 05.09.2026**

## साइबर सेल थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड में ठगी गई 1,29,300/- रुपये धनराशि वापस करायी गयी।

दिनांक 05-09-26 को साइबर सेल थाना नन्दग्राम कमिश्नेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवेदक श्री दिनेश कुमार पुत्र सतवीर सिंह निवासी आफिसर सिटी 1, राजनगर एक्सटेंशन थाना नन्दग्राम कमि0 गाजियाबाद के साथ साइबर फ्रॉड में ठगी गई **1,50,800/-** रूपये में से **1,29,300/-** रु0 की धनराशि वापस करायी गयी।

**कार्यवाही का विवरण**- साईबर क्राइम अपराधियों के विरूध्द की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर सेल थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद को NCRP पोर्टल के माध्यम से दिनांक 27/05/2026 को श्री दिनेश कुमार पुत्र सतवीर सिंह निवासी आफिसर सिटी 1, राजनगर एक्सटेंशन थाना नन्दग्राम कमि0 गाजियाबाद के साथ साइबर फ्रॉड में ठगी गई **1,50,800/-** रु0 की साइबर ठगी से सम्बंधित शिकायत प्राप्त हुई थी जिस पर साइबर सेल थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद की टीम द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए आवेदक के साथ हुई ऑनलाइन ठगी की धनराशि को होल्ड कराया गया व अथक प्रयासों के उपरान्त दिनांक 05/09/2026 को आवेदक के साथ हुई साइबर फ्रॉड की धनराशि को बैंक से पत्राचार कर कुल **1,29,300/-** रु0 वापस कराया गया आवेदक द्वारा थाना नन्दग्राम पर आकर पुलिस टीम का आभार प्रकट किया गया।

**कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम-**

थाना नन्दग्राम साइबर सेल।

## थाना विजयनगर पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरी करने वाले 02 अभियुक्त गिरफ्तार व 01 बाल अपचारी को हिरासत में लिया कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद ।

दिनांक 04.09.2026 की रात्रि में थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग के दौरान 02 अभियुक्त 1. समद पुत्र शहजाद निवासी ताज कॉलोनी गली नं0 3 थाना मसूरी हालपता हिंडन विहार नूरानी मस्जिद के पास थाना नंदग्राम गाजियाबाद 2. जैद पुत्र इरशाद निवासी ड़ा0 अनीस के पास , वीर अब्दुल हमीद कॉलोनी गाजियाबाद व बाल अपचारी को संतोष मेडिकल के गटे नं0 02 से 100 मीटर पहले सर्विस रोड़ थाना विजयनगर से चोरी की 02 मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**अभियुक्त का नाम व पता –**

1. समद पुत्र शहजाद निवासी ताज कलोनी गली नं0 3 थाना मसूरी हालपता हिंडन विहार नूरानी मस्जिद के पास थाना नंदग्राम गाजियाबाद उम्र 18 वर्ष ।
2. जैद पुत्र इरशाद निवासी ड़ा0 अनीस के पास , वीर अब्दुल हमीद कलोनी गाजियाबाद उम्र 19 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. रजिस्टेशन नंम्बर DL5SCJ9312 मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस चोरी की।
2. रजिस्टेशन नंम्बर DL5SCF8948 मोटरसाइकिल हीरो स्पलेण्डर प्लस चोरी की।

**पूछताछ का विवरण:-**

गिरफ्तार अभियुक्तगण व बालअपचारी ने बताया कि साहब हम लोग दिल्ली , एनसीआर क्षेत्र में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले इलाको से मोटर साइकिल की चोरी करते है। जो मोटर साइकिल हमसे बरामद हुई है। वह भी चोरी की है तथा बताया कि इनमें से एक मोटरसाइकिल को हमने करीब 08 - 10 दिन पहले गोकुलपुरी दिल्ली से चोरी की थी तथा दूसरी मोटरसाइकिल को हमने करीब एक माह पहले शाहदरा दिल्ली से चोरी की थी। आज भी हम इन चोरी की मोटर साइकिलों से अन्य मोटर साइकिल चोरी करने की फिराक में निकले थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड़ लिया गया।

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास: –**

**अभियुक्त समद उपरोक्त पर -** 05 अभियोग चोरी से सम्बन्धित कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत है।
**अभियुक्त जैद उपरोक्त पर -** 02 अभियोग चोरी से सम्बन्धित कमिश्नरेट गाजियाबाद पर पंजीकृत है।

**गिरफ्तार एंव बरामदगी करने वाली पुलिस टीम:-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम।

## थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा “ऑपरेशन प्रहार” के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवैध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से कुल अवैध 16 अल्प्राजोलम टैबलेट के पत्ते कुल 1185 टैबलेट बरामद।

दिनांक 05.09.206 को थाना नन्दग्राम पुलिस टीम द्वारा “ऑपरेशन प्रहार” के अन्तर्गत चेकिंग के दौरान अवेध नशीले पदार्थ की तस्करी करने वाला अभियुक्त फरमान पुत्र सलीम निवासी भूमिया मौहल्ला पसौंडा थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद उम्र- 19 वर्ष को 45 फुटा हिण्डन रिवर मेट्रो स्टेशन के पीछे जाने वाले रास्ते से नन्दग्राम क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से कुल 1185 अल्प्राजोलम टैबलेट्स बरामद हुआ। उक्त बरामदगी के आधार पर थाना नन्दग्राम पर अभियुक्त के विरूद्ध धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण–**

अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया कि मैं मोहन नगर बस अड्डे से चोरी-छिपे अल्प्राजोलम की गोलियाँ लेकर आता हूँ तथा राह चलते लोगों को अधिक दामों पर बेच देता हूँ तथा जो रूपये मिलते है, उससे अपना गुजारा करता हूँ।आज भी मै राह चलते लोगों को ये नशीली गोलियाँ बेचने के लिए जा रहा था कि आपने मुझे पकड लिया ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–**

फरमान पुत्र सलीम निवासी भूमिया मौहल्ला पसौंडा थाना टीला मोड़ जनपद गाजियाबाद उम्र- 19 वर्ष

**बरामदगी का विवरण-**

16 अल्प्राजोलम टैबलेट के पत्ते कुल 1185 टैबलेट बरामद।

**आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-**

अभियुक्त के विरुद्ध थाना नन्दग्राम पर उपरोक्त प्रकरण के सम्बन्ध में एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग व थाना टीलामोड पर 01 अभियोग छेडछाड संबंधी कुल 02 अभियोग पंजीकृत किया गया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

थाना नन्दग्राम पुलिस टीम।

## थाना कविनगर पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना कारित करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार कब्जे PIG आयरन वजन करीब 2670 किलो ग्राम बरामद।

**घटना का विवरणः-** दिनांक 23.08.2026 को वादी श्री सुमन कुमार आर्या पुत्र स्व0 श्याम लाल आर्या निवासी 115/341 मसुनवन पुर जनपद कानपुर ने अभि0 दीपांशु पुत्र ओमकेश त्यागी नि0 ग्राम खरजीवनपुर खिमावती मुरादनगर गाजियाबाद द्वारा जे सी स्टील प्रा0लि0 कंपनी की गाड़ी से माल गबन करने के उद्देश्य से गाड़ी में लगी सील को हटाकर गाड़ी में से 4610 कि0ग्रा0 माल चोरी कर लेने के संबंध में थाना कविनगर पर तहरीर दी। उक्त घटना को संज्ञान में लेते हुए तत्काल थाना कविनगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया।

**कार्यवाही का विवरणः-** दिनांक 04.09.2026 को शान्ति व्यवस्था चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभि0 के दौरान तथा मुखबीर की सूचना के आधार पर औद्योगिक क्षेत्र डी -23 के पास एक अज्ञात व्यक्ति खडा दिखाई दिया हमें नजदीक आते देख पीछे की तरफ मुडकर भागने का प्रयास किया तो पंकज निषाद उर्फ चुटिया उर्फ गोलू पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद निवासी पुरा बजगोती नसरूलाहपुर थाना वसखारी जिला अम्बेडकर नगर उम्र करीब 27 वर्ष को डी -23 चौकी औद्योगिक क्षेत्र कविनगर कमि0 गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किये गये अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही तत्परता से सुनिश्चित की जा रही है।

**पूछताछ का विवरणः-**

अभियुक्त पंकज निषाद ने पूछताछ में बताया कि साहब मैंने अपने एक जानकार से माल खरीदा था उसने मुझे बरामदशुदा माल अपना बताकर बेंचा था। जब मुझे पता चला कि यह माल चोरी का इसलिए मैंने बरामद माल डी-23 औद्योगिक क्षेत्र इसे छुपा दिया था। मैं चलकर आपको दिखा सकता हूँ। बताये गये स्थान डी 23 औद्योगिक क्षेत्र में पहुँचे तो PIG आयरन वजन करीब 2670 किलो ग्राम बरामद हुआ।

**अभियुक्त का नाम पता-**

1 पंकज निषाद उर्फ चुटिया उर्फ गोलू पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद निवासी पुरा बजगोती नसरूलाहपुर थाना वसखारी जिला अम्बेडकर नगर।

**बरामदगी-**

PIG आयरन वजन करीब 2670 किलो ग्राम

**गिरफ्तार करने वाले टीमः-**

थाना कविनगर पुलिस टीम